पत्रांक–बि०प्र०सु०मि०सो० / HRMS–02 / 2019 सो०......2195

**बिहारप्रशासनिकसुधारमिशनसोसाइटी**

(सामान्य प्रशासन विभाग)

प्रेषक,

**डॉ० बी० राजेन्दर,**
अपर मुख्य सचिव–सह–मिशन निदेशक।

सेवा में,

**अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव, सचिव, सभी विभाग।**
**पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना।**
**सभी प्रमण्डलीय आयुक्त, बिहार।**
**सभी जिला पदाधिकारी, बिहार।**

पटना, दिनांक–......10/07/2026

विषयः– **मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली (HRMS) पोर्टल पर राज्य कर्मियों का संधारित ई–सेवापुस्त / अभिलेख का प्रदर्शन एवं कर्मियों से त्रुटि निराकरण प्रस्ताव का आमंत्रण।**

प्रसंगः– **बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी का पत्रांक–792, दिनांक–10.03.2023, पत्रांक–3870, दिनांक –26.09.2023, पत्रांक–1969, दिनांक–04.09.2025 तथा पत्रांक–2514, दिनांक–17.10.2025।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक आप अवगत हैं कि मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली (HRMS) अंतर्गत सभी सरकारी कर्मियों / पदाधिकारियों का सेवापुस्त संधारित है। सेवापुस्त में त्रुटियों / प्रविष्टियों के सुधार हेतु पूर्व में पत्र निर्गत है, परन्तु यह पाया जा रहा है कि इसका उपयोग नहीं किया जा रहा है।

**अतः अनुरोध है कि अपने एवं अपने अधिनस्थ कार्यालय प्रधानों को मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली (HRMS) पोर्टल पर राज्य कर्मियों का संधारित ई–सेवापुस्त / अभिलेख को अद्यतन हेतु निम्न वर्णित बिन्दुओं के संबंध में निदेशित करने की कृपा की जाय :–**

1. सभी अधिनस्थ कर्मियों को सूचित किया जाय कि HRMS पोर्टल पर राज्य कर्मियों का ई–सेवापुस्त / अभिलेख उनके अवलोकन हेतु उपलब्ध है।
2. ई–सेवापुस्त / अभिलेख में यदि गलतियाँ हैं तो अपेक्षित सुधार तथा छुटे हुये प्रविष्टियों का इंद्राज के लिये संबंधित कर्मी साक्ष्य सहित Correction Module अथवा भौतिक आवेदन कार्यालय प्रधान / स्थापना प्रभारी को प्रस्तुत करेंगे।
3. राज्य कर्मियों द्वारा समय–समय पर अपना पारिवारिक सूची तथा अनहोनी की स्थिति में विभिन्न भुगतान प्राप्ति हेतु नामांकन–प्रपत्र का अद्यतिकरण अपेक्षित है। सभी इसे अद्यतन करने हेतु Self Service Module के माध्यम से आवेदन करें।
4. अशुद्धियों का सुधार, पारिवारिक सूची तथा नामांकन अद्यतिकरण का कार्य पोर्टल पर मेकर, चेकर तथा अप्रूवर विधि से पूर्ण किया जायेगा। OTP से अप्रूवर का ई–साईन अनिवार्य है।
5. इस कार्य को 31 अगस्त, 2026 तक अनिवार्य रूप से पूरा करने हेतु संबंधित प्राधिकारों / कार्यालय प्रधान को निदेशित करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन,

Rajendar 10.7.2026

**(डॉ० बी० राजेन्दर)**
अपर मुख्य सचिव, –सह–मिशन निदेशक।

कृ. पृ. उ.

S4D:\Office\Office Work\HRMS\HRMS Letter.................docx

ज्ञापांक :– बि०प्र०सु०मि०सो० / HRMS-02 / 2019, दिनांक 2195, 10/07/2026

प्रतिलिपि :– 1–परियोजना प्रबंधक (HRMS) M/S KPMG, पटना एवं M/S IPE Global India Ltd., पटना को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2–सभी निदेशक, बिहार को कृपया सूचना एवं आवष्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Rajesh 9.7.2026

अपर मुख्य सचिव–सह–मिशन निदेशक।

ज्ञापांक :– बि०प्र०सु०मि०सो० / HRMS-02 / 2019, दिनांक 2195, 10/07/2026

प्रतिलिपि :– प्रोग्रामर, बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी, बिहार, पटना को सोसाइटी के वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

Rajesh 9.7.2026

अपर मुख्य सचिव–सह–मिशन निदेशक।

**बिहार सरकार**

**जल संसाधन विभाग**

ज्ञापांकः– 02 / स्था0–17–04 / 2026– 4605 पटना, दिनांक– 10/08/2026

प्रतिलिपिः– सभी अभियंता प्रमुख / विशेष सचिव / सभी मुख्य अभियंता / सभी उप सचिव / सभी अवर सचिव / सचिव के प्रधान आप्त सचिव / सभी प्रशाखा पदाधिकारी, जल संसाधन विभाग, बिहार को प्रेषित करते हुए अनुरोध है कि अपने अधीनस्थ कार्यरत बिहार सचिवालय लिपिकीय सेवा के कर्मियों को बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाईटी द्वारा दिये गये निदेशों से अवगत कराने के कृपा की जाय।

2. कार्यपालक अभियंता, IT Centre, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सभी संबंधित कार्यालय को ई–मेल करने एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

10.8.2026

(कृष्ण गोपाल)

सरकार के उप सचिव